**<u>जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 24.02.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।</u>**

पत्रांक– 266 / JJM-3 / 57 दिनांक 24.02.2023

जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0दे0–95 / छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल / 2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी, 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211 / 38–5–2010–20 स्वजल / 2010(टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2019 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित "पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक दिनांक 24.02.2023 को आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण उपस्थित पंजिका मे अकिंत है। **(संलग्नक–1)**

**(1.) <u>डी0पी0आर0 विरचन कार्यः–</u>**

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) फर्रूखाबाद द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" लखनऊ द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजीनियर्स लि0 नोएडा द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनपद फर्रूखाबाद के 14 राजस्व ग्रामों के 12 नग पेयजल योजनओं के प्राक्कलन प्रस्तुत किये गये थे, जिसमे योजनावार हर घर जल योजनान्तर्गत नलकूप, पम्पहाउस, अवर जलाशय, राईजिंगमेन, वितरण प्रणाली, सोलर प्लान्ट एवं गृह संयोजन इत्यादि का प्राविधान किया गया है। 12 नग पेयजल योजना के सापेक्ष 07 नग पेयजल योजना की लागत प्रति एफ0एच0टी0सी0 निर्धारित मानक से अधिक है परन्तु उक्त 07 नग पेयजल योजना में सम्मिलित राजस्व ग्रामों को किसी दूसरी पेयजल योजना में सम्मिलित करना सम्भव नही है। चूँकि नजदीकी ग्रामों में पेयजल योजना के कार्य प्रगति पर है अथवा पूर्व निर्मित है। अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण फर्रूखाबाद द्वारा सहायक अभियन्ता के माध्यम से परीक्षणोपरान्त 14 राजस्व ग्रामों के 12 नग नये पेयजल योजनाओं के प्राक्कलनो (जिनकी लागत रू0 05 करोड़ से कम हैं) को मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कानपुर द्वारा 14 राजस्व ग्रामों की 12 नग प्राक्कलनों की तकनीकी स्वीकृति पत्रांक 373 / डब्लू–4 / 38 दिनांक 16.02.2023 द्वारा प्रदान की गयी है तथा उक्त वर्णित कुल 12 नग प्राक्कलनों का विवरण निम्नवत् हैः–

| S.No. | District | Block | Name of Scheme | Total No. of GP | Total No. of Rev. Vill. | Estimated Cost (Rs. in Lakh) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | FARRUKHABAD | Shamshabad | Aliyapur | 1 | 1 | 142.53 |
| 2 | FARRUKHABAD | Barhpur | Baglakulla | 1 | 1 | 176.81 |
| 3 | FARRUKHABAD | Kamalganj | Durgupur | 1 | 1 | 147.90 |
| 4 | FARRUKHABAD | Barhpur | Kaluli Mahbulla Pur | 1 | 1 | 170.26 |
| 5 | FARRUKHABAD | Kayamganj | Nibalpur | 1 | 1 | 155.33 |
| 6 | FARRUKHABAD | Kayamganj | Pathramai | 1 | 1 | 174.90 |
| 7 | FARRUKHABAD | Barhpur | Katri Bhaimpur | 1 | 1 | 149.57 |
| 8 | FARRUKHABAD | Kaimganj | Bharthri | 1 | 1 | 166.94 |
| 9 | FARRUKHABAD | Kamalganj | Raukri & Mistini | 2 | 2 | 254.53 |
| 10 | FARRUKHABAD | Kamalganj | Bahoranpur Tappa Hawali | 1 | 2 | 414.18 |
| 11 | FARRUKHABAD | Kamalganj | Chauki Mohammadpur | 1 | 1 | 247.13 |
| 12 | FARRUKHABAD | Kaimganj | Mistini | 1 | 1 | 194.11 |
| Total | | | | 13 | 14 | 2394.19 |

तथा जल जीवन मिशन फेज–2 के अन्तर्गत "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" लखनऊ द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 जी0वी0पी0आर0 लि0 हैदराबाद द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनपद फर्रूखाबाद के 12 राजस्व ग्रामों के 05 नग पेयजल योजनओं के प्राक्कलन प्रस्तुत किये गये थे, जिसमे योजनावार हर घर जल योजनान्तर्गत नलकूप, पम्पहाउस, अवर जलाशय, राईजिंगमेन, वितरण प्रणाली, सोलर प्लान्ट एवं गृह संयोजन इत्यादि का प्राविधान किया गया है। अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण फर्रूखाबाद द्वारा सहायक अभियन्ता के माध्यम से परीक्षणोपरान्त 05 राजस्व ग्रामों के 03 नग नये पेयजल योजनाओं के प्राक्कलनो (जिनकी लागत रू0 05 करोड़ से कम है) को मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कानपुर द्वारा 05 राजस्व ग्रामों की 03 नग प्राक्कलनों की तकनीकी स्वीकृति पत्रांक 414 / डब्लू–4 / 40 दिनांक 21.02.2023 द्वारा प्रदान की गयी है तथा

शेष 07 राजस्व ग्रामों के 02 नग नये पेयजल योजनाओं के प्राक्कलनो (जिनकी लागत रू0 05 करोड़ से अधिक है) को डा0 प्रदीप कुमार प्रोफेसर डिपार्टमेन्ट आफ सिविल इंजीनिरिंग एच0बी0टी0यू0 कानपुर द्वारा वैटिंग की गई है उक्त वर्णित कुल 05 नग प्राक्कलनों का विवरण निम्नवत् है:–

| S.No. | District | Block | Name of Scheme | Total No. of GP | Total No. of Rev. Vill. | Estimated Cost (Rs. in Lakh) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | FARRUKHABAD | Rajepur | Chachoopur Jatpura | 1 | 3 | 353.62 |
| 2 | FARRUKHABAD | Kamalganj | Amanabad | 1 | 1 | 207.83 |
| 3 | FARRUKHABAD | Kayamganj | Samauddinpur | 1 | 1 | 158.70 |
| 4 | FARRUKHABAD | Mohammadabad | Raisepur | 3 | 5 | 535.69 |
| 5 | FARRUKHABAD | Kamalganj | Mahrupur Khar | 2 | 2 | 509.67 |
| Total | | | | 8 | 12 | 1765.51 |

उक्त प्राक्कलनों को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा प्राक्कलनों का विस्तृत अध्ययन उपरान्त 05 करोड़ से कम लागत के 15 नग प्राक्कलनों की स्वीकृति प्रदान की गई को संस्तुति सहित अग्रसारित करने का निर्णय लिया गया एवं 05 करोड़ से अधिक लागत के 02 नग प्राक्कलनों को स्वीकृति हेतु संस्तुति सहित अग्रसारित करने का निर्णय लिया गया। इस प्रकार कुल 17 नग प्राक्कलनों को अग्रिम कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को स्वीकृति एवं धनावंटन हेतु संस्तुति सहित प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है।

**धन्यबाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

**जिलाधिकारी / अध्यक्ष**
**''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' समिति**
**फर्रूखाबाद**

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक ''राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, किसान बाजार विभूती खण्ड, गोमती नगर लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी फर्रूखाबाद
4. मुख्य चिकित्सा अधिकारी फर्रूखाबाद।
5. जिला प्रभागीय वन अधिकारी फर्रूखाबाद।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी फर्रूखाबाद।
7. जिला विकास अधिकारी फर्रूखाबाद।
8. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण फर्रूखाबाद।
9. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फर्रूखाबाद।
10. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, फर्रूखाबाद।
11. जिला कृषि अधिकारी, फर्रूखाबाद।
12. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, फर्रूखाबाद।
13. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद।
14. सहायक अभियन्ता लघु सिचाई विभाग फर्रूखाबाद।
15. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0 हैदराबाद।
16. वी0टी0एल0 गजा इंजीनियर्स प्रा0लि0 जे0वी0 नोएडा।

**जिलाधिकारी / अध्यक्ष**
**''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' समिति**
**फर्रूखाबाद**

## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 27.09.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक– 1665 / JJM-3 /203 दिनांक 27-09-2023

जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0दे0–95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी, 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2019 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित "पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक दिनांक 27.09.2023 को आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण उपस्थित पंजिका मे अकिंत है। (संलग्नक–1)

(1) एजेन्सियों की प्रगति :–

जनपद फर्रूखाबाद मे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत दो एजेन्सियों द्वारा कार्य कराया जा रहा है जिसका विवरण निम्न् है:–

A. **मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0 हैदराबाद**:–अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद फर्रूखाबाद मे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–02 मे चयनित फर्म मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी लि0 हैदराबाद द्वारा 227 नग योजनाओं के सापेक्ष 399 ग्रामों मे कार्य किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न् है:–

**Progress report of GVPR**

| SR No | Discription of Works | Scope | Unit | Progress up to DATE | Balance |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tube Well | 255 | No's | 241 | 14 |
| 2 | Distribution Line | 1818.45 | Km | 1419.731 | 398.719 |
| 3 | Over Head Tank | 227 | No's | 13 | 214 |
| 4 | Over Head Tank(WIP) | 227 | No's | 204 | 23 |
| 5 | Solar | 227 | No's | 78 | 149 |
| 6 | Solar(WIP) | 227 | No's | 39 | 188 |
| 7 | FHTC | 111401 | No's | 86768 | 24633 |

B. **मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0 नोएडा**:– जनपद फर्रूखाबाद मे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–03 में चयनित फर्म मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0 नोएडा द्वारा 149 नग योजनाओं के सापेक्ष 311 ग्रामों मे कार्य किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न् है:–

**Progress report of VTL-Gaja Eng.**

| SR No | Discription of Works | Scope | Unit | Progress up to DATE | Balance |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tube Well | 158 | No's | 142 | 16 |
| 2 | Distribution Line | 1617.54 | Km | 1310 | 307.54 |
| 3 | Over Head Tank | 149 | No's | 1 | 148 |
| 4 | OHT(WIP) | 149 | No's | 112 | 37 |
| 5 | Solar | 123 | No's | 0 | 123 |
| 6 | Solar (WIP) | 123 | No's | 58 | 65 |
| 7 | FHTC | 71983 | No's | 33895 | 38088 |

(2) हर घर जल :–

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद फर्रूखाबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 246 ग्रामीण पेयजल योजनाओं को हर घर जल किया जा चुका है जिसके सापेक्ष 46 ग्रामीण पेयजल योजनाओं का प्रमाणीकरण कराकर पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा हर घर जल सर्टिफाइड की प्रगति को बढाने हेतु निर्देशित किया गया।

(3) भूमि विवाद :–

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद फर्रूखाबाद मे कुल विवादित भूमि 16 नग है, जिनमे तहसील फर्रूखाबाद सदर मे 05 नग एवं तहसील कायमगंज मे 09 नग एवं तहसील अमृतपुर मे 02 नग भूमि विवादित है। **(छायाप्रति संलग्न)**

(4) ISA के बीजक के भुगतानः–

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद फर्रूखाबाद हेतु सूचीवद्ध ISA मै0 भारतीय महिला एवं वाल विकास संस्थान, बेबर, मैनपुरी द्वारा कुल अनुबन्धित 07 कलस्टरों के सापेक्ष कलस्टर B–2 एवं कलस्टर B–3 के अन्तर्गत द्वितीय फेज मे कराये गये कार्यो के सापेक्ष बीजक फर्म के पत्र सं0 145/JJM/B.M.A.B.B./2023–24 दिनांक 11.07.2023 अनुबन्ध सं0 07/EE/ 2021-22 दिनांक 20.07.2021 द्वारा रू0 1410750/– एवं पत्र सं0 146/JJM/B.M.A.B.B./2023–24 दिनांक 11.07.2023, अनुबन्ध सं0 08/ EE/ 2021-22 दिनांक 20.07.2021 द्वारा रू0 1410750/– का बीजक प्रस्तुत किया गया है। ISA द्वारा अनुबन्ध सं0 07/EE/ 2021-22 दिनांक 20.07.2021 तथा अनुबन्ध सं0 08/ EE/ 2021-22 दिनांक 20.07.2021 के अन्तर्गत कराये कार्यो के बीजक का परीक्षण जनपद में नामित एजेन्सी डी0पी0एम0यू0 Medhaj Techno concept Pvt.Ltd. द्वारा किया गया है तथा उपलब्ध अभिलेखों/वीडियों ग्राफ्स के आधार पर सत्यापन कर अनुबन्ध की लागत के सापेक्ष द्वितीय फेज हेतु प्रति क्लस्टर निर्धारित 41 प्रतिशत में से कराये गये कार्यों के सापेक्ष प्रति क्लस्टर कुल 27 प्रतिशत के भुगतान करने की संस्तुति पत्रांक MTCPL/SWSM/DPMU/2023-24/47132 दिनांक 01.09.2023 में गई है,**(छायाप्रति संलग्न)**

ISA द्वारा किये जा रहे कार्यों के भुगतान हेतु शासनादेश सं0 03/2021/423/ छिहत्तर–1–2021–03 शिकायत/2020 दिनांक 05.02.2022 के प्रस्तर–9 में संशोधन करते हुये शासनादेश सं0 65/2022/3396/ छिहत्तर–1–2022–03 सम/2022 दिनांक 03.10.2022 को जारी किया गया है। इस शासनादेश के अनुसार अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष उक्त बीजक एवं किये गये गतिविधियों का आलेख एवं सम्बन्धित फोटोग्राफ/वीडियो प्रस्तुत किया गया। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद द्वारा उपलब्ध कराये गये समस्त अभिलेखों का परीक्षण एवं सत्यापन उपरान्त समिति द्वारा सर्व सहमति से भुगतान करने का निर्णय लिया गया तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद को निर्देशित किया गया कि उक्त बीजको के भुगतान हेतु अग्रिम कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

(5) ISA एजेन्सियों की प्रगति :–

ISA कोआर्डिनेटर श्री राहुल यादव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद फर्रूखाबाद मे सूचीबद्ध कुल दो आई0एस0ऐ0 संस्थाओं को आवंटित/अनुबन्धित क्लस्टरों के सापेक्ष प्रगति निम्नवत् हैः–

| कं0 सं0 | संस्था का नाम | अनुबन्धित क्लस्टर | कुल ग्राम पंचायतों की संख्या | एक्टिविटी प्रगति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्लानिंग एंव मोबलाईजेशन फेज (03 माह) | इम्पलीमेन्टेशन फेज (06 माह) | पोस्ट इम्पलीमेन्टेशन फेस (03 माह) |
| 1 | भारतीय महिला एंव बाल विकास संस्थान, मैनपुरी | B1 | 39 | प्रगति | – | – |
| 2 | | B2 | 38 | पूर्ण | पूर्ण | – |
| 3 | | B3 | 38 | पूर्ण | पूर्ण | – |
| 4 | | B4 | 39 | प्रगति | – | – |
| 5 | | B5 | 37 | प्रगति | – | – |
| 6 | | B6 | 27 | – | – | – |
| 7 | | B7 | 51 | – | – | – |
| 8 | सर्वार्थ सेवा संस्थान, लखनऊ। | A1 | 41 | पूर्ण | पूर्ण | – |
| 9 | | A2 | 41 | पूर्ण | पूर्ण | – |
| 10 | | A3 | 39 | पूर्ण | प्रगति | – |
| 11 | | A4 | 41 | पूर्ण | प्रगति | – |
| 12 | | A5 | 42 | प्रगति | – | – |
| 13 | | A6 | 36 | – | – | – |
| 14 | | A7 | 27 | – | – | – |
| 15 | | A8 | 51 | – | – | – |

(6) IEC एजेन्सी की प्रगति :–

जनपद फर्रूखाबाद हेतु सूचीवद्ध आई0ई0सी0 संस्था मै0 स्वजन फाउन्डेशन, लखनऊ द्वारा प्रथम चरण मे कुल तीन गतिविधियां पूर्ण कर ली गई है, जिसका सत्यापन सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रेषित किया जा चुका है। गतिविधियां निम्नवत् हैः–

(i) पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन।

(ii) जनपद की समस्त राजस्व ग्राम पंचायतों मे 05 पेयजल स्रोतो की जल जॉच हेतु जागरूकता तथा स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यकम से व्यवहार परिवर्तन करने का कार्य।

(iii) जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों की सार्वजनिक स्थानों, वि0ख0/जनपद स्तर के मुख्यालओं पर पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी वॉल्व राईटिंग/ग्रैफिटी पेन्टिंग का कार्य।

वर्तमान मे द्वितीय चरण के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों मे फक्शनल हाऊस होल्ड टैप कनेक्शन, शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाओ हेतु 09 प्रकार के जन–जागरूकता कार्यकम वि0ख0 वार निम्न प्रकार प्रगति पर है:–

| क्र0 स0 | ब्लॉक का नाम | पेयजल बैठक | | | प्रदर्शनी | | | स्वच्छता मेला | | | स्वास्थ्य कल्याण समिति बैठक | | | आगनबाडी केन्द्रो पर स्वछता संवन्धित जागरूकता | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य (G.P) | प्राप्ति | शेष | लक्ष्य (G.P) | प्राप्ति | शेष | लक्ष्य (G.P) | प्राप्ति | शेष | लक्ष्य (G.P) | प्राप्ति | शेष | लक्ष्य (G.P) | प्राप्ति | शेष |
| 1 | बढपुर | 59 | 58 | 1 | 83 | 82 | 1 | 83 | 82 | 1 | 59 | | 59 | 59 | | 59 |
| 2 | कमालगंज | 118 | | 118 | 162 | | 162 | 162 | | 162 | 118 | | 118 | 118 | | 118 |
| 3 | कायमगंज | 86 | 3 | 83 | 145 | 3 | 142 | 145 | 3 | 142 | 86 | 83 | 3 | 86 | 83 | 3 |
| 4 | मोहम्मदाबाद | 76 | 73 | 3 | 104 | 103 | 1 | 104 | 103 | 1 | 76 | 3 | 73 | 76 | 1 | 75 |
| 5 | नवाबगंज | 64 | 64 | 0 | 81 | 81 | 0 | 81 | 81 | 0 | 64 | 2 | 62 | 64 | 2 | 62 |
| 6 | राजेपुर | 81 | | 81 | 130 | | 130 | 130 | | 130 | 81 | | 81 | 81 | | 81 |
| 7 | शमसाबाद | 96 | | 96 | 136 | | 136 | 136 | | 136 | 96 | | 96 | 96 | | 96 |
| | | 580 | 198 | 382 | 841 | 269 | 572 | 841 | 269 | 572 | 580 | 88 | 492 | 580 | 86 | 494 |

| क्र0 स0 | ब्लॉक का नाम | विद्यालय मे ड्राइंग प्रतियोगिता | | | नुक्कड़ नाटक | | | सोसल मैपिंग | | | वीडियो प्रोजेक्टर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य (G.P) | प्राप्ति | शेष | लक्ष्य (G.P) | प्राप्ति | शेष | लक्ष्य (R.V) | प्राप्ति | शेष | लक्ष्य (G.P) | प्राप्ति | शेष |
| 1 | बढपुर | 59 | | 59 | 83 | 83 | 0 | 83 | 83 | 0 | 83 | 83 | 0 |
| 2 | कमालगंज | 118 | | 118 | 161 | 161 | 0 | 161 | 161 | 0 | 161 | 161 | 0 |
| 3 | कायमगंज | 86 | 83 | 3 | 145 | 145 | 0 | 145 | 145 | 0 | 145 | 145 | 0 |
| 4 | मोहम्मदाबाद | 76 | | 76 | 104 | 104 | 0 | 104 | 104 | 0 | 104 | 104 | 0 |
| 5 | नवाबगंज | 64 | 1 | 63 | 81 | 81 | 0 | 81 | 81 | 0 | 81 | 81 | 0 |
| 6 | राजेपुर | 81 | | 81 | 131 | | 131 | 131 | | 131 | 131 | | 131 |
| 7 | शमसाबाद | 96 | | 96 | 136 | 136 | 0 | 136 | 136 | 0 | 136 | 136 | 0 |
| | | 580 | 84 | 496 | 841 | 710 | 131 | 841 | 710 | 131 | 841 | 710 | 131 |

(7) <u>ट्रेनिंग एजेन्सी की प्रगति :–</u>

जनपद फर्रूखाबाद हेतु सूचीबद्ध ट्रेनिंग एजेन्सी मै0 उजाला वेलफेयर सोसईटी, गोरखपुर नामित है, जिसके द्वारा अब तक निम्न प्रकार कुल 02 ट्रेनिंग कार्य पूर्ण किये जा चुके है–

01. जनपद की 594 ग्राम पंचायतों में प्रति ग्राम पंचायत 05 महिलाओं, कुल 2970 महिलाओं को एफ0टी0के (फील्ड टेस्ट किट) के माध्यम से जल स्त्रोंतो की जॉच हेतु प्रशिक्षण कार्य।

02. जनपद की 594 ग्राम पंचायतों में प्रति ग्राम पंचायत 13 तकनीकी कार्मिकों (03–राजमिस्त्री, 02–पम्प ऑपरेटर, 02–इलैक्ट्रिशियन, 02–मोटर मैकेनिक, 02–फिटर व 02–प्लम्बर) कुल 7722 तकनीकी कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्य।

इसके साथ ही वर्तमान में संस्था द्वारा पी0आ0आई0 ट्रेनिंग का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत अभी तक मात्र 04 विकासखण्डों (शमसाबाद, कायमगंज, बढ़पुर एवं मोहम्मदाबाद) में ही यह ट्रेनिंग कार्य अभी तक प्रगति पर है, जिसकी प्रगति अत्यन्त धीमी है, तथा शेष 03 विकास खण्डों (राजेपुर, नवाबगंज व कमालगंज) में यह ट्रनिंग कार्य प्रारम्भ किया जाना अभी शेष है। उपरोक्त ट्रेनिंग की स्थिति अत्यन्त धीमी/अंसातोषजनक है, जिस हेतु मौखिक निर्देश के साथ–साथ कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के द्वारा कार्य प्रणाली मे सुधार हेतु निर्देश/चेतावनी पत्र सं0 1631/प्रशिक्षण/17 दिनांक 22.09.2023 निर्गत किया जा चुका है।

जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद व फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये गये कि फेज–2 एवं फेज–3 मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0 हैदराबाद एवं मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0लि0 नोएडा को उच्च जलाशय, सोलर पैनल, सड़क मरम्मत का कार्य शीघ्र–अति–शीघ्र पूर्ण किये जाये जिससे

ग्रामवासियों को असुविधा न हो तथा योजना के समस्त कार्य दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण करने, हर घर जल सर्टिफाइड की प्रगति बढाने, 10 मॉडल पेयजल योजनाएँ तैयार की जाये तथा फर्म के प्रतिनिधियों को कार्य योजना तैयार कर कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी एवं कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, साथ ही यह भी निर्देश दिये गये जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की आगामी बैठक में उक्त कार्य योजना को प्रस्तुत करने। उक्त के अतिरिक्त आई०ई०सी० मै० स्वजन फाउण्डेशन लखनऊ के प्रतिनिधि को विकास खण्ड वार रोस्टर तैयार कर सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये गये।

**धन्यबाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

Arind

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति
फर्रूखाबाद

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, किसान बाजार विभूती खण्ड, गोमती नगर लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद।
4. मुख्य विकास अधिकारी फर्रूखाबाद
5. मुख्य चिकित्सा अधिकारी फर्रूखाबाद।
6. जिला प्रभागीय वन अधिकारी फर्रूखाबाद।
7. जिला पंचायत राज अधिकारी फर्रूखाबाद।
8. जिला विकास अधिकारी फर्रूखाबाद।
9. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण फर्रूखाबाद।
10. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फर्रूखाबाद।
11. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, फर्रूखाबाद।
12. जिला कृषि अधिकारी, फर्रूखाबाद।
13. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, फर्रूखाबाद।
14. सहायक अभियन्ता लघु सिचाई विभाग फर्रूखाबाद।
15. मै० जी०वी०पी०आर० इंजी०लि० हैदराबाद।
16. वी०टी०एल० गजा इंजीनियर्स प्रा०लि० जे०वी० नोएडा।

Arind

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति
फर्रूखाबाद